खंड 7 संख्या 23

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

बृहस्पतिवार, तिथि 29 जुलाई 1982 ई०

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के लिखित उत्तर—गत सत्र के अनागत अल्पसूचित एवं अतारांकित प्रश्नोत्तरों का सभा-पटल पर रखा जाना। | 1 |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या 96, 98, 99 एवं 102 .. | 2—9 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 2909, 2910, 2911, 2912, 2913, 2914, 2915, 2916, 2917, 2918, 2919 एवं 2920 | 9—30 |
| परिशिष्ट 1 (प्रश्नों के लिखित उत्तर) .. .. | 31—62 |
| परिशिष्ट-2 (प्रश्नों के लिखित उत्तर) .. .. | 63—235 |
| तार्किक निबन्ध .. .. .. | 236 |


टिप्पणी—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है।

## विद्यालय भवन निर्माण हेतु कार्रवाई

अ-77। श्री मो० मुस्ताक—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला अन्तर्गत किशनगंज प्रखंड के अन्तर्गत मध्य विद्यालय, मोहम्मदपुर के भवन का एक हिस्सा महानन्दा नदी की बाढ़ से 1970-71 वर्ष में गिर गया था और दो कमरों की छत गिर गई है, यदि हां, तो सरकार उक्त विद्यालय भवन के निर्माण हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग—जिला शिक्षा अधीक्षक, पूर्णियां को प्रश्न में अंकित विद्यालय भवन के निर्माण का आदेश दे दिया गया है।

---

## विद्यालय भवन की मरम्मत

अ-78. श्री मो० मुस्ताक—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अन्तर्गत किशनगंज प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय, पीछला जंगी टोला का भवन 1966 से क्षतिग्रस्त है, यदि हां, तो सरकार उक्त विद्यालय के भवन की मरम्मत हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है?

प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग—प्रश्न में अंकित विद्यालय भवन की मरम्मत का आदेश जिला शिक्षा अधीक्षक, पूर्णियां को दे दिया गया है।

---

## विद्यालय भवन की मरम्मत

अ-126. श्री रत्नाकर नायक—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड के धर्मराही निम्न प्राथमिक पाठशाला का भवन गत पांच वर्षों से क्षतिग्रस्त एवं बेमरम्मत है;